कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा (राज.)

बी.एड. भाग–द्वितीय, एम.एड. द्वितीय वर्ष, बी.एड.–एम.एड. भाग–तृतीय, बी.ए./बी.एससी.–बी.एड. चतुर्थ वर्ष तथा बी.एड. स्पेशल एज्यूकेशन (वी.आई./आई.डी.) परीक्षा–2020 हेतु प्रश्नपत्र हल करने सम्बन्धी योजना

::परीक्षा की अवधि 02:00 घण्टे::

1. उपरोक्त उल्लेखित जिन–जिन पाठ्यक्रमों के प्रश्नपत्रों में अधिकतम पूर्णांक 80 निर्धारित हैं एवं उनके प्रश्नपत्र दो खण्डों में विभाजित हैं तथा प्रश्नपत्र को हल करने की अवधि 03 घण्टे निर्धारित थी, ऐसे पाठ्यक्रमों के प्रश्नपत्रों को हल करने हेतु खण्ड 'अ' से पूर्व की भांति पांच प्रश्न हल करने अनिवार्य है (खण्ड 'अ' के अधिकतम अंक 55 होगें, प्रत्येक प्रश्न 11 अंक), जबकि खण्ड 'ब' (खण्ड 'ब' के अधिकतम अंक 25 होगें) में से दिये गये प्रश्नपत्रों में से तीन के स्थान पर केवल कोई एक प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. उपरोक्त उल्लेखित जिन–जिन पाठ्यक्रमों के प्रश्नपत्रों में अधिकतम पूर्णांक 80 निर्धारित हैं एवं उनके प्रश्नपत्र तीन खण्डों (खण्ड 'अ', 'ब' एवं 'स') में विभाजित हैं तथा प्रश्नपत्र को हल करने की अवधि 03 घण्टे निर्धारित थी, ऐसे पाठ्यक्रमों के प्रश्नपत्रों के केवल खण्ड 'अ' एवं 'ब' ही पूर्व की भांति/प्रश्नपत्र में उल्लेखित निर्देशों के अनुसार हल करने हैं, (खण्ड 'अ' के अधिकतम अंक 25 होगें, प्रत्येक प्रश्न 2.5 अंक), जबकि खण्ड 'ब' (खण्ड 'ब' के अधिकतम अंक 55 होगें, प्रत्येक प्रश्न 11 अंक) जबकि खण्ड 'स' कोई भी प्रश्न हल नहीं करने हैं। खण्ड 'स' के लिए निर्धारित पूर्णांकों को खण्ड 'अ' एवं 'ब' में समाहित कर दिया गया है।
3. उपरोक्त उल्लेखित जिन–जिन पाठ्यक्रमों के प्रश्नपत्रों में अधिकतम पूर्णांक 80 निर्धारित हैं एवं उनके प्रश्नपत्र पांच इकाईयों में विभाजित हैं तथा प्रश्नपत्र को हल करने की अवधि 03 घण्टे निर्धारित थी, ऐसे पाठ्यक्रमों के प्रश्नपत्रों के पांच प्रश्नों के स्थान पर केवल तीन प्रश्न ही हल करने हैं, किन्तु तीनों प्रश्न पृथक–पृथक इकाई से हल किये जाने हैं यथा एक इकाई से एक ही प्रश्न हल किया जाना है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
4. उपरोक्त उल्लेखित जिन–जिन पाठ्यक्रमों के प्रश्नपत्रों में अधिकतम पूर्णांक 40 निर्धारित हैं एवं उनके प्रश्नपत्र दो खण्डों में विभाजित हैं तथा प्रश्नपत्र को हल करने की अवधि 02 घण्टे निर्धारित है, ऐसे पाठ्यक्रमों के प्रश्नपत्रों को प्रश्नपत्र में दिये गये निर्देशों के अनुसार पूर्व की भांति ही हल करने अनिवार्य है। यथा इस प्रकृति प्रश्नपत्रों को हल करने की योजना में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

परीक्षा नियंत्रक